हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 16 मई 2025

11 विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ता है सम्मान...



12 आपदा में सिविल डिफेंस वॉलंटियर की होती है...



## खबर संक्षेप

### 21 को राजकीय महिला आईटीआई में लगेगा मेला

**भिवानी।** डीसी महावीर कौशिक ने बताया कि राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भिवानी में 21 मई को प्रात 10 बजे प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले का आयोजन जाएगा। इंजीनियरिंग, नॉन इंजीनियरिंग व्यवसायों से आईटीआई पास अभ्यार्थी कैंपस प्लेसमेंट में अधिक से अधिक भाग लेकर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। आईटीआई प्रधानाचार्य बलबीर सिंह ने बताया कि इस रोजगार मेले में वीवीडीएन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड व ऑटोमोटिव लेदर ब्रांड गुरूग्राम व अन्य कंपनियां आईटीआई पास विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर देंगी।

### सोने के कड़े चोरी करने के मामले आरोपित दबोचा

**तोशाम।** तोशाम पुलिस ने महिला से धोखाधड़ी करके सोने के कड़े चोरी मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। तोशाम निवासी महिला ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें बताया था कि 14 अप्रैल को बाजार में दो व्यक्ति मिले थे। जिन्होंने पैसे डबल करने की बात कहकर धोखाधड़ी करने दो सोने के कड़े चोरी कर लिए। बीती रात पुलिस ने उप निरीक्षक नसीब ने आरोपी को अदालत से प्रोडक्शन वारंट हासिल कर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान रोहतक की करतारपुर इंदिरा कालोनी निवासी गुरजीत के रूप में हुई है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है।

### नशीले पदार्थ की तस्करी करता युवक गिरफ्तार

**तोशाम।** भिवानी सीआईए टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए नशीले पदार्थ की तस्करी कर रहे युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 7.5 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस को सूचना मिली की मंढ़ान बस बस स्टैंड पर नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाला युवक हेरोइन बेचने के लिए निकला है। जो मिराण की ओर से आ रहा है और वह ईशरवाल होते हुए अपने गांव जाएगा। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने नाकाबंदी कर दी। कुछ देर बाद उक्त कार आती दिखाई दी, जिसे रोककर चालक अंकुश को हिरासत में लिया गया। तलाशी लेने पर उसकी जेब से 7.5 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान गांव बड़दू धीरजा निवासी अंकुश की रूप में हुई है।

### 56 हजार लोगों ने लिया स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

**भिवानी।** उपायुक्त महावीर कौशिक ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जरूरतमंद लोगों को चौ. बंसीलाल राजकीय सामान्य अस्पताल में नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। विभाग द्वारा अप्रैल माह के दौरान 56 हजार 137 नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिया गया है। विगत माह में एक लाख 36 हजार 313 मरीजों ने विभिन्न प्रकार की जांच करवाई है। उपायुक्त महावीर कौशिक ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जरूरतमंद लोगों को अप्रैल माह में अस्पताल में कुल 56 हजार 137 नागरिकों ने चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया, जिनमें नई व पुरानी ओपीडी 48 हजार 734 तथा 7 हजार 403 नई व पुरानी आईपीडी शामिल हैं।

### योग दिवस के लिए जारी हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

**चरखी दादरी।** आयुष विभाग की तरफ से 21 जून को मनाए जाने वाले 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि 26 से 28 मई तक निर्धारित स्थान पर प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा, पीटीआई व डीपीई को प्रशिक्षण आयुष विभाग के योग विशेषज्ञों व आयुष योग सहायकों, योग समितियों के योग शिक्षकों तथा खेल विभाग के योग प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा।

## अंधड़ से करोड़ों की प्रोप्टी बर्बाद

# सप्ताह बाद भी फोरेस्ट विभाग नहीं चेता, कैसे बचेगी हरियाली

**वन विभाग ने अभी तक तूफानी बारिश में कितने हरे व सूखे पेड़ उखड़े हैं। इस बारे में जानकारी नहीं ली।**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

तूफानी बारिश को एक सप्ताह से अधिक का समय बीत गया। किसानों ने अपने खेतों में टूटे हरे पेड़,सोलर पैनल व अन्य सामान की संभाल कर ली। अनाज मंडियों में आढ़तियों ने गेहूं को सुखाने व लिफ्टिंग करवाने के कार्य में जुट गए। जिन लोगों को जिस क्षेत्र में नुकसान हुआ है।

वे सभी इसका आकलंन लगाने में जुटे हैं,लेकिन वन विभाग ने अभी तक तूफानी बारिश में कितनी हरे व सूखे पड़े उखड़े हैं। इस बारे में कोई भी जानकारी नहीं है। यहां तक कि जिन इलाकों में आंधी से हरे पेड़ टूटे हैं। उन इलाकों में विभाग ने अभी तक झांक कर भी नहीं देखा है। उक्त तूफानी बारिश व आंधी में वन विभाग की सड़क व नहर व माइनरों के किनारों पर करोड़ों रुपये की लकड़ी टूटकर जमीन पर बिखरी हैं,लेकिन अभी तक इन लकड़ियों को कोई संभालने वाला नहीं है। अगर यही स्थिति रही तो तूफानी बारिश में टूटे पेड़ की लकड़ियां खत्म ही हो जाएंगी।

अगर इसी तरह की वन विभाग की मंशा रही तो किस तरह से हरियाली बचेगी और कैसे पर्यावरण प्रदूषित होने से बच पाएगा। विगत में आए तूफानी बारिश की वजह से सड़क, नहर व माइनर के दोनों किनारों पर लगे अनेक जगहों पर हरे पेड़ उखड़ गए। हालात ये बने कि सड़कों पर पेड टूटने व गिरने से रोड जाम हो गए थे। लोगों ने जेसीबी से टूटे पेड़ों को सड़क किनारे हटाया और उसके बाद ही सड़कों पर वाहनों का आवागमन शुरू हो पाया।



भिवानी। अंधड़ के 10 दिन बाद भी सड़क के बीच में पड़ा पेड़। फोटो: हरिभूमि

#### नहर व माइनरों के किनारों पर अब भी पड़े हैं पेड़

आंधी तूफान बंद होने के करीब पांच से छह घंटे बाद तक रोड जाम रहे। सड़कों के बीच से तो टूटे पेड़ों को हटाकर सड़क के एक किनारे पर डाल दिया, लेकिन नहर व माइनरों के किनारों पर आज भी अंधड़ से टूटे हुए पेड़ गिरे पड़े है। उन पेड़ों को आज तक कोई उठाने के लिए नहीं गया है। हालांकि अभी नहरों में पानी नहीं पहुंचा है। अगर नहरों में पानी पहुंचता है तो टूटे हुए पेड़ पानी के आगे जरूर अड़ेंगे। जिससे नहर व माइनरों का टूटना लाजिमी है। जिले में नहर व माइनरों के किनारे भी करीब एक हजार से ज्यादा हरे पेड़ टूटे हुए पड़े होंगे। इन टूटे हुए पेड़ों को लोग काटकर अपने घरों पर ले जा रहे है। पर इनको रोकने वाला कोई नहीं है। यह स्थिति पूरे जिले में बनी है। अंधड़ से टूटे पेड़ों की कीमत पूरे जिले में करोड़ों रुपये के आसपास बताई जा रही है।

# तहसील परिसर में चैंबर में तोड़फोड़

- चैंबर में रखा हजारों का सामान भी हुआ चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा

बीती रात अज्ञात लोगों ने बवानीखेड़ा तहसील परिसर में स्थित अधिवक्ता राजेश सिंधू व मीना चोपड़ा के चैंबर तोड़फोड़ करके हजारों रुपये का नुकसान कर दिया। वहीं चैंबर में रखा हजारों का सामान चोरी करके ले गए। इसके साथ ही चैंबर के साथ लगते शैडों को भी तोड़ा तथा उनके फर्नीचर को क्षतिग्रस्त कर दिया।

अधिवक्ता मीना चोपड़ा, सुमन रानी, राजेश सिंधू, अमित दहिया, रामकिशन काजल को मामले की जानकारी सुबह मिली तब वे मौके पर पहुंचे और पुलिस को 112 पर सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शिकायत दर्ज करके जांच आरम्भ कर दी।

अधिवक्ता राजेश सिंधू ने इस ओच्छी मानसिकता का प्रक्ररण बताया वहीं इस निंदनीय घटना पर काफी आश्चर्य जताया कि यदि तहसील परिसर में इस प्रकार के प्रकरण होते रहेंगे तो इस सरकार में आमजन का जीना दूभर हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मामले को थाना पुलिस जल्द संज्ञान ना लिया तो वे उनकी जिला बार एसोसिएशन व पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं से मिलकर मामले को उच्च स्तर पर उठाऐंगे। प्रकरण की एक प्रति अनुसूचित जाति आयोग हरियाणा, दिल्ली तथा मानवाधिकार आयोग और महिला आयोग को भी भेजा गया है।



बवानीखेड़ा। विरोध प्रदर्शन करते पीड़ित अधिवक्ता। फोटो: हरिभूमि

# सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, कई पकड़े

- पुलिस ने 8 युवकों व 8 महिलाओं को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

भिवानी में नया बस स्टैंड के समीप सीएम फ्लाइंग व पुलिस की टीम ने होटल में चल रहे सेक्स रेकैट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस टीम ने होटल से 9 युवती व 8 युवाओं को काबू किया है। जिनसे पूछताछ की जा रहा है।भिवानी में वीरवार को सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली की नए बस स्टैंड के समीप एक होटल में सेक्स रैकट चल रहा है। सूचना के बाद एक टीम का गठन किया गया और होटल पर रेड मारी गई। रेड के दौरान 8 महिलाएं व 9 युवाओं को आपत्तिजनक हालात में मिले। जिन्हें पुलिस द्वारा काबू कर गहनता से पूछताछ की जा रही है। डीएसपी अनूप कुमार ने बताया कि सीएम फ्लाइंग व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा औद्योगिक थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले निजी होटलों पर रेड की गई। इस दौरान 8 महिलाएं 9 युवकों को काबू किया गया है। काबू किए गए युवकों में कुछ बाहर से हैं।



भिवानी। होटल से महिलाओं को काबू करते पुलिसकर्मी। फोटो: हरिभूमि

# ऑपरेशन सिन्दूर को लेकर निकाली यात्रा

- लाल बहादुर शास्त्री विद्यालय में निकली देशभक्ति से ओतप्रोत तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानी खेड़ा

बवानीखेड़ा के श्री लाल बहादुर शास्त्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिन्दूर के तहत एक अत्यंत प्रेरणादायक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे वीर सैनिकों के प्रति सम्मान प्रकट करना और छात्रों में राष्ट्रप्रेम, बलिदान और सेवा भाव की भावना जागृत करना था। यात्रा का शुभारंभ स्कूल के प्रांगण में हुआ, जहां संस्था मुखिया मुकेश भारद्वाज और संजय भारद्वाज ने तिरंगा फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके पश्चात छात्र-छात्राएं तिरंगे को गर्व से थामे, देशभक्ति के नारों के साथ विद्यालय परिसर एवं बवानी खेड़ा के लिए यात्रा पर निकले। यात्रा में छात्र-छात्राओं ने शहीद अमर रहें, भारत माता की जय और जय जवान, जय हिन्द जैसे जोशीले नारे लगाते हुए सभी का ध्यान आकर्षित किया। विद्यार्थियों ने सैनिकों के बलिदान पर आधारित पोस्टर, तख्तियां और झंडे लेकर चलना देश के प्रति उनकी संवेदना को दर्शा रहा था।




भिवानी। गुलाब सिंह पार्क में तिरंगा यात्रा निकालते बच्चे। फोटो: हरिभूमि

# अब व्यर्थ नहीं बहेगा अनमोल जल

- पहले चरण में गांव में करीब 50 वाल्व बांटे गए
- बुढेड़ी की पंचायत का जल बचाने के लिए सराहनीय कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭बहल

बुढेड़ी गांव की पंचायत ने पानी बचाने के लिए एक सराहनीय कदम उठाया है। पंचायत द्वारा लोगों को पानी की लाइन पर लगने वाले ऑन ऑफ वाल्व वितरित किए है ताकि वो अपने घरों की लाइन पर उनको लगा लें और जरूरत अनुसार पानी प्रयोग करने के बाद उसे बंद कर दें। जनस्वास्थ्य विभाग ने पंचायत की मुहिम का स्वागत किया है। पहले चरण में गांव में करीब 50 वाल्व बांटे गए है। वाल्व वितरित किए जाने से पहले पंचायत प्रतिनिधियों ने गांव में उन जगहों को चिन्हित किया जहां पर पानी का बहाव व्यर्थ हो रहा था। लोग अपने प्रयोग के लिए पानी भरने के बाद भी नल खुला छोड़ रहे थें जिससे पानी की बर्बादी होने के साथ साथ गली में गंदगी फैल रही थी। सरपंच जगमत ने पंचायत प्रतिनिधियों से बातचीत कर पानी को बचाने की दिशा में सुझाव मांगे। पंचायत सदस्यों की सहमति से यह तय हुआ कि पंचायत अपने स्तर पर पानी की लाइन पर लगने वाले ऑन ऑफ वाल्व खरीदेगी और लोगों को निशुल्क वितरित कर पानी को बचाने का प्रयास करेगी। इससे पहले पंचायत ने अपनी योजना को जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बताया और इस काम के लिए उनकी सहमति ली। विभाग ने पंचायत की पहल की प्रशंसा की और कहा कि उनको जब भी इस काम के लिए विभाग के कर्मचारियों की जरूरत होगी तो विभाग उनकी सहायता करेगा। अधिकारियों ने कहा कि ऐसा नेक काम हर पंचायत को करना चाहिए क्योंकि पानी का संकट दिन प्रतिदिन गहराता जा रहा है।



भिवानी। बुढेड़ी पंचायत द्वारा गांव में खुले नलों पर लगाए जा रहे वाल्व।

#### गांव में करीब 275 घर: सरपंच

गांव के सरपंच जगमत पूनिया ने बताया कि पानी का व्यर्थ बहाव रोकने के लिए पंचायत ने यह प्रयास किया है कि गांव में खुले चल रहे नलों पर वाल्व लगाकर पानी बचाया जाए। पहले पानी की आपूर्ति पाजू गांव से होती थी लेकिन अब गांव में बने दो बोरिंग से टैंक को भरा जाता है और उससे ही सप्लाई दी जाती है। उनके गांव में करीब 275 घर है और कोशिश रहेगी कि पानी की एक बूंद भी व्यर्थ न बहे।



भिवानी। बवानीखेड़ा अनाज मंडी में भीगा हुआ गेहूं। फोटो: हरिभूमि

# गेहूं उठान में देरी को लेकर आढ़तियों में रोष

- बारिश के कारण 30 से 40 हजार क्विंटल गेहूं हुआ खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा अनाज मंडी में गेहूं उठान में देरी को लेकर आढ़तियों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया है। आढ़तियों ने सारा ठीकरा प्रशासन के सिरे मढ़ दिया है और नुकसान की भरपाई की भी मांग की है। आढ़तियों ने कहा कि ठेकेदार की लापरवाही के कारण लाखों रुपयों को नुकसान हो गया है। हजारों टन गेहूं भीग गया है।

अनाज मंडी में लगभग 30 से40 हजार क्विंटल गेहूं बारिश की भेंट चढ़ गया। अब इसकी भरपाई कौन करेगा। आढ़तियों को इसमें कोई कसूर नहीं है। इसलिए उनके साथ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आढ़ती राजू हंस ने बताया कि गेहूं उठान की धीमी प्रकिया के लिए व नष्ट हुए गेहूं का जिम्मेवार एफसीआई, वेयरहाउस, हैफेड जिम्मेदार है। आढ़ती कतई जिम्मेदार नहीं है। धीमी उठान प्रक्रिया को लेकर आढ़तियों को गेहूं खुले में डालना पड़ा और अव्यवस्था के कारण गेहू बारिश की भेंट चढ़ गया। इसकी भरपाई विभाग व सरकार को करनी होगी।

#### समय पर नहीं हुआ उठान

आढ़ती अंकित कुमार ने बताया कि यदि समय पर गेहूं का उठान जो जाता तो गेहूं बारिश की भेंट नहीं चढ़ता और नुकसान नहीं होता। विभाग के लचर रवैये के चलते गेहूं खराब हुआ है और इसकी भरपाई भी सरकार को ही करनी चाहिए। आढ़तियों का कोई कसूर नहीं है। गेहूं के नुकसान की भरपाई सरकार को करनी चाहिए ताकि किसानों के खातों में रूपये जा सके और वे भी निश्चिंत हो सके। अन्यथा आढ़तियों को कड़ा रूख अपनाना होगा।

# पांच को बीडीपीओ कार्यालय सिवानी में लगाया जाएगा मत्स्य पालन जागरूकता शिविर

- शिविर महिलाएं भी भाग ले सकती हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

खंड सिवानी के बीडीपीओ कार्यालय में मत्स्य पालन हेतु जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जागरूकता शिविर पांच जून को सुबह 10.30 बजे आयोजित होगा। उपायुक्त महावीर कौशिक ने बताया कि जिला के नागरिकों को मत्स्य पालन में रोजगार अपनाने के लिए जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाता है। मत्स्य पालन से जुड़ी गतिविधियों, केंद्रीय व राज्य प्रायोजित सभी योजनाओं के बारे में विशेषज्ञों द्वारा विस्तार से जानकारी दी जाएगी। इस शिविर महिलाएं भी भाग ले सकती हैं। इस शिविर में विशेषकर महिलाओं को सफेद झींगा/मत्स्य पालन के संबंध में जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा इस मत्स्य जागरूकता शिविर में सफल सफेद झींगा/मत्स्य पालन करने वाली महिला अपने अनुभव साझा कर सकती है ताकि अन्य बेरोजगार महिलाएं, युवक सफ़ेद झींगा/ मत्स्य पालन के व्यवसाय से जुड़ कर अपनी आमदनी को बढ़ा सके। जिला मत्स्य अधिकारी सिकंदर सांगवान ने महिलाओं का आह्वान किया है कि वे इस मत्स्य पालन जागरूकता शिविर में अधिक से अधिक भाग लें।

# पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक आवेदन

- चयनित बच्चों को राष्ट्रपति द्वारा किया जाएगा पुरस्कृत

**चरखी दादरी।** महिला एवं बाल विकास विभाग भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक हो, को वर्ष 2026 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाएगी। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि बाल पुरस्कार में विभिन्न श्रेणियों के तहत कुल 25 बच्चों का चयन किया जाएगा। पुरस्कारों में एक मैडल सहित प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। चयन प्रक्रिया के अनुसार सर्वप्रथम स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा प्राप्त आवेदनों की छंटनी की जाएगी उसके उपरांत फाइनल नामों का सिलेक्शन नेशनल कमेटी द्वारा किया जाएगा।

## स्कूल संचालक करें सुरक्षित वाहन पॉलिसी के नियमों का पालन

# आयोग की टीम ने स्कूलों का किया निरीक्षण

- टीम ने बौंद खंड में 8 स्कूली बसों में अनियमितताएं मिलने पर चालान किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

हरियाणा राज्य बाल अधिकार एवं संरक्षण आयोग की टीम ने स्कूल बसों का औचक निरीक्षण कर चालान किया। टीम ने बौंद खंड में 8 स्कूली बसों में अनियमितताएं मिलने पर चालान किया गया। आयोग टीम ने निजी स्कूल संचालकों को बसों को लेकर कड़े निर्देश दिए।

इसके जिला बाल संरक्षण कार्यालय में जिले स्टॉक होल्डरों के साथ मीटिंग की। मीटिंग में बाल भिक्षावृत्ति और नशा मुक्ति के बारे में समीक्षा बैठक की गई। उन्होंने कहा कि भिक्षावृत्ति पूरी तरह से बंद होनी चाहिए। दादरी जिले में बस स्टैंड , रेलवे स्टेशन, मंदिर या किसी सार्वजिनक स्थानों का निरीक्षण किया जाए और कोई बच्चा भीख मांगता हुआ मिलता है तो उसके परिजनों को समझाया जाए।

योग सदस्य मांगेराम द्वारा सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के बारे में अपने विचार व्यक्त किए गए। उन्होंने बताया कि सभी शिक्षण संस्थानों को सुरक्षित वाहन पॉलिसी की गाइड लाइन व नियमों के अनुसार कार्य करना होगा। सुरक्षित वाहन पॉलिसी के अंतर्गत स्कूल की बस में फर्स्ट एड बाक्स लगा होना चाहिए। बच्चों को बस में उतारते चढ़ाते समय लेडी अटेंडेंट का होना आवश्यक है।



दादरी। स्कूल बसों के फिटनेस दस्तावेजों की जांच करते आयोग सदस्य।

#### स्कूलों में पहुंची आयोग की टीम

हरियाणा राज्य बाल अधिकार एवं संरक्षण आयोग की टीम बौंद खंड के स्कूलों में पहुंची। टीम ने दो सुरक्षित वाहन पॉलिसी के अंतर्गत दो विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें आरटीए टीम द्वारा सुरक्षित वाहन पॉलिसी के मानक मापदंड पूरे ना मिलने के कारण दोनों विद्यालयों की 8 बसों का चालान किया गया। टीम सदस्य मांगेराम ने कहा कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर समझौता नहीं किया जाएगा। स्कूल संचालक बस पर प्रशिक्षित चालक को रखें और महिला अटेंडेंट जरूर होनी चाहिए।

स्पेशल : इंटरनेशनल म्यूजियम-डे, 18 मई

जानकारी / शिखर चंद जैन

# भारत के प्रसिद्ध म्यूजियम्स यहां संग्रहीत हैं अनोखी वस्तुएं

बच्चो, म्यूजियम यानी संग्रहालय ऐसी जगह होती है, जहां कला, संस्कृति, इतिहास और विज्ञान से जुड़ी दुर्लभ वस्तुओं का संग्रह देखने को मिलता है। इन्हें देखकर ज्ञानवर्धक जानकारियां तो मिलती ही हैं, साथ ही अनोखे अनुभव भी मिलते हैं। जानो, देश के कुछ म्यूजियम्स के बारे में कि ये किन विशेषताओं के कारण प्रसिद्ध हैं।




## वीएमआरडीए आईएनएस कुरसुरा पनडुब्बी संग्रहालय विशाखापत्तनम

**भारतीय नौसेना** (इंडियन नेवी) की नॉन-एक्टिव सबमरीन (सेवामुक्त हो चुकी पनडुब्बी) आईएनएस कुरसुरा में यह संग्रहालय स्थित है। यह संग्रहालय, भारत के नौसैनिक इतिहास और समुद्री विरासत के बारे में जानकारी देता है। यहां तुम पनडुब्बी के चेंबर्स, कंट्रोल रूम और लिविंग रूम्स को विजिट कर सकते हो। साथ ही तुम पनडुब्बी चालकों (सबमरीन ड्राइवर्स) की लाइफस्टाइल के बारे में भी जान सकते हो। *

## डॉन बॉस्को स्वदेशी संस्कृति म्यूजियम शिलांग

**इस म्यूजियम** में पूर्वोत्तर भारत की विविध स्वदेशी संस्कृतियां, आदिवासी परंपराएं, कला और शिल्प से जुड़ी सामग्री देखने को



मिलती हैं। यहां तुम आदिवासियों के झोपड़ी जैसी कलाकृतियों के साथ-साथ उनके पारंपरिक वेशभूषा, संगीत, वाद्ययंत्रों के अलावा आदिवासियों के रहन-सहन और उनकी संस्कृति से जुड़ी कई आकर्षक और आश्चर्यजनक चीजें देख सकते हो। इसके अलावा, यहां एक स्काईवॉक की भी व्यवस्था है, जहां से तुम्हें इस म्यूजियम और शिलांग के अद्भुत नजारे देखने को मिलेंगे। *



## हेरिटेज ट्रांसपोर्ट म्यूजियम गुरुग्राम

**परिवहन यानी** ट्रांसपोर्ट हमारी डेली लाइफ का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हरियाणा के गुरुग्राम स्थित इस म्यूजियम में तुम इंडियन ट्रांसपोर्ट सिस्टम के अलग-अलग दौर में इस्तेमाल में आने वाले एंटीक व्हीकल्स देख सकते हो। इस म्यूजियम में पुरानी कारों, मोटरसाइकिलों, रेलवे कोचों, विमानों और परिवहन के अन्य साधनों के संग्रह हैं। बच्चो, तुम यहां इंटरैक्टिव प्रदर्शनियों, मल्टीमीडिया डिस्प्ले के माध्यम से ट्रांसपोर्ट टेक्नोलॉजी के विकास के साथ-साथ समाज और संस्कृति पर इसके प्रभाव को भी जान-समझ सकते हो। *

## सालार जंग म्यूजियम हैदराबाद



**मीर यूसुफ** अली खान, जिन्हें सालार जंग तृतीय के नाम से भी जाना जाता है, हैदराबाद के निजाम मीर उस्मान अली के कार्यकाल में प्रधानमंत्री रहे थे। मीर यूसुफ को दुर्लभ वस्तुएं, कलाकृतियां, पांडुलिपि आदि इकट्ठा करने का शौक था। उनके पश्चात उनके परिवार और अगली पीढ़ियों द्वारा भी इस म्यूजियम के लिए कलाकृतियों एवं अन्य वस्तुओं का संग्रह किया जाता रहा। आज इस संग्रहालय में एक मिलियन यानी दस लाख से अधिक कलाकृतियां और अन्य संग्रहणीय सामग्रियां रखी हुई हैं। *

## शंकर अंतरराष्ट्रीय गुड़िया संग्रहालय नई दिल्ली



**इस म्यूजियम** की स्थापना 1965 में फेमस कार्टूनिस्ट शंकर पिल्लई ने की थी। खास बात यह है कि इस म्यूजियम में दुनिया के किसी भी अन्य डॉल म्यूजियम से ज्यादा कॉस्ट्यूम डॉल्स हैं। इस म्यूजियम में लगभग 85 देशों से इकट्ठी की गई 6,500 से अधिक डॉल्स तुम्हें देखने को मिलेंगी। इन डॉल्स की बनावट, पारंपरिक पोशाक और सांस्कृतिक महत्व को देखकर-जानकर तुम्हें आश्चर्य होगा। *

## इंडियन म्यूजियम कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** के कोलकाता में स्थित इंडियन म्यूजियम, देश का सबसे बड़ा म्यूजियम है। इसे स्थानीय लोग अजायबघर या जादूघर भी कहते हैं। 1814 में बना यह म्यूजियम भारत का सबसे पुराना म्यूजियम है। यहां कई कलाकृतियां तो 2000 साल पुरानी हैं। यहां प्रागैतिहासिक काल के भारत के सांस्कृतिक इतिहास को समेटा गया है। इंडियन म्यूजियम में कई खंडों में विविध विषयों, जैसे-इतिहास, कला, पुरातत्व, जंतु शास्त्र, वनस्पति शास्त्र एवं अन्य कई विषयों से जुड़ी सामग्रियां देखी जा सकती हैं। इस म्यूजियम में सिंधु घाटी की सभ्यता के अवशेष से लेकर मिस्र की ममीज तक देखी जा सकती हैं।



स्पेशल : इंटरनेशल ड्रॉइंग-डे

# ड्रॉइंग करने से बढ़ेगी क्रिएटिविटी इंप्रूव होगी पर्सनालिटी

बच्चो, तुमको चित्र बनाकर उसमें मनचाहे रंग भरने में बहुत मजा आता होगा, है न! क्या तुम जानते हो, ड्रॉइंग करने की शुरुआत कब हुई और इससे क्या-क्या फायदे होते हैं? आज ड्रॉइंग-डे के अवसर तुम्हें बता रहे हैं, इससे जुड़ी रोचक बातें।

क्रिएटिव आर्ट
कुमार गौरव अजीतेंदु



बच्चो, चित्रकारी यानी ड्रॉइंग एक बहुत रोचक आर्ट है। बच्चे ही नहीं कई बड़ी उम्र के लोगों को भी इसमें काफी इंटरेस्ट होता है। कई लोग तो ड्रॉइंग को ही अपना करियर बना लेते हैं और इसके जरिए खूब नेम-फेम पाते हैं। ड्रॉइंग के महत्व को लोगों को बताने के लिए ही प्रत्येक वर्ष 16 मई (आज के दिन) को 'अंतरराष्ट्रीय चित्रकारी दिवस' या 'इंटरनेशनल ड्रॉइंग डे' के रूप में मनाया जाता है।

**कब मनाया गया पहला ड्रॉइंग-डे:** साल 2008 में दुनिया भर में पहली बार 'इंटरनेशनल ड्रॉइंग-डे' मनाया गया था। इस अवसर पर ड्रॉइंग के फील्ड से जुड़े लोगों को अपनी क्रिएटिविटी, अपने आर्ट को ऑनलाइन शेयर करने के लिए इनवाइट किया जाता है। साथ ही ड्रॉइंग से होने वाले लाभों से अवगत कराने और ड्रॉइंग में लोगों की रुचि जगाने के उद्देश्य से यह दिन मनाया जाता है।

**होते हैं अनेक फायदे:** ड्रॉइंग के माध्यम से तुम अपनी इमेजिनेशन, अपनी नॉलेज और क्रिएटिविटी को अधिक प्रभावी ढंग से एक्सप्रेस कर सकते हो। इससे तुम्हारी इमेजिनेशन और प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल इंप्रूव होती हैं। इसके अलावा भी ड्रॉइंग के कई फायदे होते हैं, जैसे-

**मिलती है हैप्पीनेस:** ड्रॉइंग करते समय मन शांत और एकाग्रचित्त होता है। इसलिए जब तुम ड्रॉइंग करते हो, तब टेंशनफ्री और हैप्पी रहते हो।

**बढ़ता है कॉन्फिडेंस:** जब तुम अपनी इमेजिनेशन से कोई अच्छी ड्रॉइंग बनाते हो, तो इससे तुम्हारा कॉन्फिडेंस बढ़ता है।

**फीलिंग्स एक्सप्रेशन का तरीका:** ड्रॉइंग के जरिए तुम अपनी हर फीलिंग को बेहतर ढंग से एक्सप्रेस कर सकते हो। इससे तुम्हें सेल्फ-सैटिस्फेक्शन मिलता है।

**स्ट्रेस होता है दूर:** कई शारीरिक-मानसिक रोगों के ट्रीटमेंट में ड्रॉइंग एक थेरेपी के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। इससे टेंशन और स्ट्रेस दूर होता है, मानसिक सुकून मिलता है।

**ऐसे मनाओ ड्रॉइंग डे:** तुम चाहो तो अपने फ्रेंड्स के साथ मिलकर ड्रॉइंग-डे को स्पेशल तरीके से सेलिब्रेट कर सकते हो। इसके लिए तुम सब कोई एक थीम सेलेक्ट कर लो फिर एक निश्चित समय में उस थीम पर बेस्ड ड्रॉइंग बनाओ। इस कॉम्पिटिशन में किसकी ड्रॉइंग बेस्ट है, इसका डिसीजन करने के लिए अपने आर्ट टीचर या आस-पड़ोस के अंकल की हेल्प ले सकते हो, जिन्हें ड्रॉइंग में इंटरेस्ट हो। *

### ड्रॉइंग से जुड़े कुछ फैक्ट्स

- इंसानों ने अब से लगभग 30,000 वर्ष पहले चित्र बनाना शुरू कर दिया था।
- 1797 में निकोलस-जैक्स कोंटे ने पेंसिल का आविष्कार किया, इससे चित्र बनाना आसान हो गया।
- अधिकांश चित्र सरल ज्यामितीय आकृतियों जैसे वृत्त, वर्ग और त्रिभुज से शुरू होते हैं।
- प्राचीन काल में लोग कहानियां सुनाने या जानकारी साझा करने के लिए गुफाओं की दीवारों पर चित्र बनाते थे।
- प्राचीन मिस्रवासी चित्रकला को लेखन के के रूप में प्रयोग करते थे, जिसे 'हाइरोग्लाइफिक्स' कहा जाता था।
- 1984 में पहला मैकिंटोश कंप्यूटर तैयार किया गया, जिसमें पेंट प्रोग्राम 'मैकपेंट' था, जिसने डिजिटल ड्रॉइंग और डिजाइन की नई सुविधाएं मिलीं।

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

# आस-पास की कहानियां


जैसा कि इस किताब के नाम (बारह सौ की बाटी और अन्य किस्से) से ही पता चलता है यह 'किस्सों' की किताब है। इसे पढ़ते हुए पता चलता है कि किताब के सभी चौदह 'किस्से' हमारे आस-पास घटने वाली छोटी-छोटी घटनाएं हैं। तरह-तरह की 'बातें' हैं, जो ध्यान से देखने पर हमें चौंकाती हैं।




किताब में दिए इन किस्सों के विभिन्न चरित्र कुछ जाने-पहचाने से दिखते हैं- बहुत साधारण, सीधे-सादे और अपने में मस्त। लेकिन उनकी अपनी कुछ खास आदतें, सनक या कहें किसी काम को करने की धुन, जिन्हें लेखक जिस अंदाज में हमारे बीच रखता है, ये अपने आप में अनोखा बना देती हैं। इन किस्सों के साथ दिए किताब के रंग-बिरंगे वाटर-कलर से बने चित्र सामान्य चित्रों से अलग और सुंदर दिखते हैं। *

**किताब:** बारह सौ की बाटी और अन्य किस्से, **लेखक:** शिवनारायण गौर, **चित्रकार:** नीलेश गहलोत, **मूल्य:** 80 रुपए, **प्रकाशक:** एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल

## बूझो तो जानें

1. चिंगारी से वो भड़क जाए।
सूखी लकड़ी-कंडे खाए।
छूने चलो, तो अंग जलाए।
पानी पीते ही मिट जाए।

2. सब कहते हैं जुड़वां भाई
पैरों में ही जगह है पायी।
कहीं एक साथी खो जाए
दूजा कोई काम न आए।

3. जोड़, घटाना, गुणा, भाग है
मेरे बाएं हाथ का काम।
कभी नहीं गलती करता हूं
मित्र! बताओ मेरा नाम।

- गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर : 1.आग, 2.जूते, 3.कैलकुलेटर

## जीके क्विज-154



1. हाल में किस प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेटर ने टेस्ट मैच से संन्यास लेने की घोषणा की?
2. 72वें मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का आयोजन कहां किया जा रहा है?
3. इसरो के वर्तमान अध्यक्ष कौन हैं?
4. भारत और पाकिस्तान के बीच की सीमा रेखा को किस नाम से जाना जाता है?
5. ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कहां है?
6. सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को उनके पद की शपथ कौन दिलवाता है?
7. विश्व की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
8. मौर्य साम्राज्य की स्थापना किसने की थी?
9. दुनिया में सबसे अधिक रबड़ का उत्पादन किस देश में होता है?
10. नियाग्रा जलप्रपात किन दो देशों की सीमा पर स्थित है?



**बच्चो, जीके क्विज-154 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-153 का उत्तर :** 1.स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट, 2.मंगूभाई छगनभाई पटेल, 3.वायुसेना उपप्रमुख, 4.15 मई, 5.ग्यारह, 6.रानी लक्ष्मीबाई, 7.बुध, 8.लियोनार्दो द विंची, 9.नाइट्रस ऑक्साइड, 10.राजस्थान

**जीके क्विज-153 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, प्रज्ञा-रायपुर, मुस्कान-कोंडागांव, रमेश-कोरबा, सौरभ-बिलासपुर, कमल-महेंद्रगढ़, अमन-रोहतक, कशिश-महासमुंद, रोशन-दुर्ग, गुंजन-भोपाल, जतिन-रायगढ़

कहानी / क्षमा शर्मा

स्कूल में गर्मी की छुट्टियां क्या हुईं, मिनी का घर से निकलना बंद हो गया। घर में यही कहा जाता-बाहर धूप तगड़ी है, लू लग जाएगी। बेचारी मिनी करे तो क्या करे? तुम्हारे लिए बहुत प्यारी-सी कहानी।

# मिनी की परेशानी



मिनी की छुट्टियां क्या हुईं, सवेरे से ही सब उसे पुकारने लगते, 'मिनी, जल्दी उठो। फ्रेश होओ। ब्रश करो। दूध पिओ, फिर नीचे खेलने जाओ।' दादी कहतीं, 'नहीं मिनी, बाहर तो अभी से इतनी तेज धूप है। देख रही हो न कि पेड़-पौधे भी धूप से कैसी हाय-हाय कर रहे हैं। कहीं मत जाओ। जो खेलना हो, घर के अंदर खेलो। और बाहर जाओ भी तो पेट भरकर पानी पीकर, फिर लू नहीं लगेगी।'

'लो जी, पेट भरकर पानी ही पी लेगी तो दूध कैसे पिएगी, नाश्ता कैसे करेगी?' मम्मी, दादी से शिकायत करती-सी पूछतीं। बेचारी मिनी, मम्मी की सुने कि दादी की।

तभी भइया अंदर वाले कमरे से चिल्लाता, 'मेरे जूते नहीं मिल रहे हैं। जरूर इस मिनी ने ही इधर-उधर किए होंगे। इसे जूतों से फुटबॉल खेलने की आदत जो है।'

मिनी धीरे से बोली, 'तो ला दो न एक अच्छी-सी फुटबाल, नहीं खेलूंगी फिर जूतों से। पता है, कभी नहीं लाएगा। कंजूसड़ा कहीं का। जब देखो तब मुझसे ही पैसे मांगता रहता है।' वैसे तो बात यह है कि उसने जूते कहीं इधर-उधर नहीं किए थे। मिनी मन ही मन सोचती है, 'इसी ने कहीं इधर-उधर उतारे होंगे। जहां भी कुछ रखता है, कभी याद नहीं रहता है इसे। कभी पेन, कभी चाबी, कभी पासवर्ड हमेशा कुछ न कुछ भूला या खोया रहता है इसका और नाम लगा रहा है मेरा। हुंह... इससे तो अच्छी थी कि स्कूल ही जाती।'

'अरे मिनी, यह अपने से ही क्या बातें कर रही है?' पापा ने जाते-जाते पूछा तो वह तकिए में मुंह छिपाती बोली, 'कुछ नहीं पापा, पोयम याद कर रही थी।'

'अच्छा भई हम भी तो सुनें तुम्हारी पोयम।' पापा पलंग के पास आकर बैठ गए तो मिनी ने ऐसे दिखाया जैसे वह सो रही हो और सपने में ही पापा की बात का जवाब दिया हो। पापा ने मान भी लिया, 'अरे, लड़की तो सो रही है अभी। चलो, सोने दो। नहीं तो बेचारी हर रोज सुबह उठती है। सवेरे की उठी-उठी रात को सो पाती है। बच्चों को भी बड़ों की तरह बस रात-दिन काम ही काम है।' जब भइया चला गया, पापा दफ्तर के लिए निकले, उसने कार स्टार्ट करने की आवाज सुन ली और उसके कुछ देर बाद मम्मी शालू आंटी से मिलने चली गईं और दादी पूजा करने लगीं। अब पूजा भी तो पूरे दो घंटे की। मिनी को लगा कि अब बस दो घंटे तक कोई उससे यह नहीं कहेगा, 'अरे मिनी, यह क्या कर दिया, वह क्या कर दिया, यह लड़की तो किसी की नहीं सुनती है, टीचर से कहना पड़ेगा। कल ही तो इतनी महंगी डॉल दिलवा कर लाए थे और आज उसके बाल उखाड़ दिए।' ओह डॉल से अच्छा याद आया, मिनी को तो आज उसकी आंख ठीक करनी थी। कितने तो काम थे। मिनी ने फौरन खिलौनों की अलमारी खोली और सोचने लगी कि कैसे आंख ठीक करे? उसकी नीली आंख अंदर चली गई थी। भइया ने नीले बॉल प्वॉइंट से उसे बाहर निकालने की कोशिश की तो वह और अंदर घुस गई। पूरी आंख पर नीला रंग फैल गया। भइया तो गुड़िया को फेंक कर चला गया। अब एक आंख की गुड़िया उसे अच्छी नहीं लगती। तो उसे याद आया कि उसके टॉमी कैट की आंखें भी तो नीली हैं। उसने टॉमी को अलमारी से बाहर निकाला। फिर सोचने लगी, 'अगर इसकी एक आंख डॉल को लगा भी दूं तो फिर इसके लिए दूसरी आंख कहां से लाऊंगी?'

मिनी ने सोचा दादी से पूछे लेकिन वह तो पूजा कर रही थीं। तो फिर किससे पूछे? उसने शालू आंटी के यहां गईं मम्मी को फोन किया। मम्मी बिगड़ गईं, 'क्या मिनी, कभी चैन से नहीं रहने देती। अब तू अपनी गुड़िया का किस्सा ले बैठी। घर आकर करती हूं बात।' 'लो मम्मी खुद तो चली गईं और मुझे धूप का बहाना बनाकर दादी ने नीचे पार्क में भी खेलने नहीं जाने दिया। क्या बड़ों को धूप नहीं लगती?' मिनी बुदबुदाई।

मिनी ने डॉल को फिर से अलमारी में रखा। मम्मी लौटेंगी तो उनसे उसकी आंख ठीक कराएगी, फिर बालकनी में जाकर बाहर देखने लगी। पार्क में एक मैना घास से बीन कर कुछ खा रही थी कि एक गिलहरी उसके पीछे दौड़ी। मैना डर से दूर भाग गई तो गिलहरी वहां खाने लगी। पता नहीं वह क्या खा रही थी। मैना ने फिर उधर कदम बढ़ाया तो इस बार दो गिलहरियों ने उसका पीछा किया। मिनी को इस खेल में बहुत मजा आया। लगा जैसे कि गिलहरी और मैना छुआ-छुई का खेल खेल रही हों। तभी टॉमी कैट जैसा एक बिल्ला एक गौरैय्या की तरफ दबे पांव बढ़ा। मिनी जोर से चिल्लाई, 'भागो-भागो..!' और तालियां बजाने लगी। ताली की आवाज से गौरैय्या उड़ गई। दोनों गिलहरियां भाग गईं और बिल्ला देखता रह गया। उसके शिकार जो हाथ से निकल गए थे। तभी दादी ने आकर पूछा, 'किसे भगा रही थी मिनी?' उसके मुंह से निकला, 'टॉमी कैट को।'

'टामी कैट को! क्या तूने अपना बिल्ला भी डॉल की तरह तोड़कर खराब कर दिया और बाहर फेंक दिया? कितना नुकसान करती है री लड़की।' कहती हुई दादी तो तुलसी को पानी देने लगीं। मिनी ने उनकी नकल उतारी, 'कितना नुकसान करती है री लड़की!' और वहां से भाग गई। दादी पुकारती ही रह गईं, 'मिनी, ओ मिनी, कहां भाग गई, बाहर मत जाना बहुत धूप है..।'

'हां दादी, अब सवेरे से शाम तक पुकारो मुझे। पता नहीं ये छुट्टियां आती ही क्यों हैं?' मिनी भुनभुनाई। *

कविता
घमंडीलाल अग्रवाल




## गरमी की अगवानी

भैया, दीदी, नाना, नानी-
करते गरमी की अगवानी।
उठा हाथ तेरे स्वागत में
ट्विस्ट कर रहे सूती कपड़े,
पतला कुर्ता, धोती पतली
गुन-गुन गीत गा रहे अकड़े,
जेल गए अब गर्म वस्त्र सब-
खूब दिखा अपनी मनमानी।
खरबूजों की, तरबूजों की
फसल तीव्र गति से मुस्काती,
आड़ू, जामुन, आम, लीचियां
बने हुए हैं प्यारे साथी,
'मुझसे करो दोस्ती पक्की'-
कहता ठंडा-ठंडा पानी।
खड़ी हुई-बांहें फैला,
कुल्फी और बर्फ की सिल्ली,
आओ खेलें मिलकर सारे
खेल अनोखा डंडा-गिल्ली,
शीतल पेय छेड़ने बैठे-
धुन प्यारी जानी-पहचानी।

## रंग भरो-175

**रंग भरो-175** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




दिव्यांश, दुर्ग


रितेश, मटियारी


श्वेता, रायपुर


रशिका, जांजगीर


दीत्या, अहिवारा


भाविका, सरोरा

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आस्तिका-चांपा, भावी-धमतरी, चहक-कोसली, डिंपल-दुर्ग, गौरांग-रायपुर, पलक-धमतरी, परिधि-ईमेल से, सानवी-अंबिकापुर, तेजस-सरोरा, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विक्की-बिलासपुरा

## रंग भरो 176



बच्चो, यहां ड्रॉइंग बनाती हुई लड़की का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb @gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप



### सागर गोयल को सम्मानित किया

**नरवाना।** सीबीएस ई बोर्ड द्वारा आयोजित दसवीं कक्षा का परिणाम घोषित किया‍ए परीक्षा परिणाम में एस डी पब्लिक स्कूल के छात्र सागर गोयल ने बोर्ड परीक्षा में 98.2 फीसदी अंक प्राप्त करने पर स्कूल प्रबंधन द्वारा वीरवार को सम्मानित किया गया। विधालय द्वारा 90:ए से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को प्रार्थना सभा में मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

### पार्षदों ने खोला पीएचईडी के खिलाफ मोर्चा

**कैथल।** कैथल के पार्षदों ने अपनी समस्याओं को लेकर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में डेरा जमा लिया है। पार्षद सुशीला शर्मा का कहना था कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी भ्रष्टाचार का अड्डा बनकर रह गया है। उन्होंने कहा कि कार्यकारी अभियंता कहते थे कि यह कमेटी नहीं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी है लेकिन अब वे अधिकारी कहां गए। उनके वार्ड में आठ माह से पाईप लाइन अधर में पडी है लेकिन अधिकारी आराम से एसी की हवा खा रहे हैं। उन्होंने जनता से कोई सरोकार नहीं है।

### डीएससी समाज को आरक्षण पर मंत्री ने जताया आभार

**नरवाना।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने सरकारी नौकरियों में डीएससी समाज को आरक्षण देने के फैसले का स्वागत किया और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया है। कैबिनेट मंत्री बेदी ने कहा है कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एकमात्र सपनाए उद्देश्य और स्लोगन समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सभी सुविधाएं प्रदान करना है।

### पुलिस टीम पर हमले का आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** कैथल क्षेत्र से एटीएम उखाड़ने की कोशिश करने तथा पुलिस टीम पर गोली चलाकर कातिलाना हमला करने के मामले की जांच थाना शहर पुलिस के एएसआई राजेश कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी शाहपुर जिला सहारनपुर यूपी निवासी जाबिर को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया।

### अमरनाथ यात्रा में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**पूंडरी।** श्री बर्फानी सेवा मंडल के पूंडरी शाखा के सचिव हर्ष सेठी ने बताया कि इस वर्ष अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होकर 9 अगस्त (रक्षाबंधन) तक चलेगी। यह पवित्र यात्रा 38 दिनों तक निर्बाध रूप से जारी रहेगी। देशभर की 533 बैंक शाखाओं में श्रद्धालुओं के लिए पंजीकरण प्रक्रिया जोरों पर है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्षों में हिमलिंग का जल्द अंतर्ध्यान होने से कई श्रद्धालु दर्शन से वंचित रह जाते थे, लेकिन इस बार यात्रा की शुरुआत से ही शिव भक्तों में उत्साह देखने को मिल रहा है। अमरनाथ यात्रा को लेकर सरकार ने सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अब तक की सबसे बड़ी तैनाती की घोषणा की है।

## पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित

# विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाता है सम्मान समारोह : डा. पवन कुमार

- हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डा. पवन कुमार ने शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा दादरी गेट स्थित अंबेडकर भवन में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उन प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय प्रदर्शन किया।

यह आयोजन केवल पुरस्कार वितरण नहीं था, बल्कि प्रेरणा, संघर्ष और उम्मीदों की एक मिसाल बन गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डा. पवन कुमार ने शिरकत की तथा अध्यक्षता पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल ने की। कार्यक्रम में हनुमान ढ़ाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर के महंत बालयोगी चरणदास महाराज का सान्निध्य रहा। जानकारी देते हुए पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान चमन कुमार की पुत्री हर्षिता व जयबीर सिंह की पुत्र अभिषेक को प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया, जिन्होंने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के गत वर्ष के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का अद्वितीय प्रदर्शन किया।

मुख्यअतिथि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डा. पवन कुमार ने ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि यदि समाज ऐसे प्रतिभावान बच्चों को समय रहते सहयोग करें, तो वे देश का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सम्मान समारोह विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और आत्मबल को बढ़ाता है, जिससे वे भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने की ओर अग्रसर होते हैं। ऐसे में इस प्रकार के सम्मान समारोह प्रतिभाओं के मेहनत एवं सपर्मण को मान्यता देते हैं। इस अवसर पर प्राचार्य सत्यनारायण शर्मा, विरेंद्र सिंह उर्फ मिंटू, रोहित, श्रीनिवास, आरिफ, पार्षद विनोद, राजू मेहरा, सुरेश सैनी, विजय सिंहमार, शशी, सचिन, संदीप रंगा, दीपक मास्टर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।


**भिवानी।** वीरवार को प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित करते बोर्ड चेयरमैन डा. पवन कुमार। फोटो : हरिभूमि


**भिवानी।** बैठक में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए कर्मचारियों ने बनाई रणनीति

- 20 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल किए जाने का एलान किया है

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

अपनी विभिन्न मांगों का सरकार तक पहुंचाने के लिए कर्मचारियों संगठनों द्वारा 20 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल किए जाने का एलान किया है। इस राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए हरियाणा गर्वमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है तथा विभिन्न ब्रांचों में जाकर कर्मचारियों को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया जा रहा है।

इसी कड़ी में वीरवार को लोहारू के मुख्य बूस्टिंग स्टेशन पर लोहारू ब्रांच के कर्मचारियों की की बैठक कृष्ण मुरारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक संचालन राज्य संगठन सचिव सुशील आलमपुर व जिला कोषाध्यक्ष विनोद तंवर ने किया। इस मौके पर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सुशील आलमपुर व विनोद तंवर ने कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे राष्ट्रव्यापी आंदोलन में शामिल होकर अपनी एकजुटता दिखाकर सरकार को झुकाने का काम करें, ताकि उनकी मांगें जल्द से जल्द पूरी हो सकें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कर्मचारियों के हितों पर किए जा रहे कुठाराघात से अब कर्मचारी वर्ग परेशान हो चुका है तथा आर-पार की लड़ाई का मन बना चुका है। उन्होंने कहा कि यदि अब भी सरकार नहीं चेती तथा कर्मचारियों को उनके हक नहीं दिए तो सरकार को इसका बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

# तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष ने ली बैठक

- 17 मई को भिवानी में किया जाएगा तिरंगा यात्रा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर देश के वीर सैनिकों के सम्मान में भाजपा द्वारा निकाली जा रही तिरंगा यात्रा की कड़ी में 17 मई को भिवानी में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में वीरवार को नया बाजार में धानक समाज के बुद्धिजीवियों की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक का उद्देश्य तिरंगा यात्रा को सफल और भव्य रूप से संपन्न कराना था। इस दौरान बैठक में जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने समाज के लोगों को तिरंगा यात्रा को सफल बनाए जाने को लेकर ड्यूटियां भी लगाई। जिला अध्यक्ष ने सभी से राष्ट्र भक्ति और सामाजिक समरसता के इस आयोजन में सक्रिय भागीदारी की अपील भी की। उन्होंने बताया कि यह तिरंगा यात्रा 17 मई को सुबह 9 बजे पंडित नेकीराम लाइब्रेरी शुरू होगी, जो कि विभिन्न चौराहों से होते हुए जैन चौक में संपन्न होगी।

जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य भारतीय सेना के पराक्रम और बलिदान को याद कर उनके शौर्य की गाथा को प्रत्येक जन तक पहुंचाना है।


**भिवानी।** बैठक को संबोधित करते विरेंद्र कौशिक। फोटो : हरिभूमि

सीवरेज के गंदे पानी की होती है सप्लाई

# जिले में गहराया पेयजल संकट, एसई व एक्सईन से मिला माकपा प्रतिनिधिमंडल

- कई मोहल्लों व कालोनियों में पानी प्रेसर भी होता है कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी के एक प्रतिनिधि मंडल ने शहर व गांव में पेजलय संकट के समाधान व वैकल्पिक व्यवस्था की मांग को लेकर वीरवार को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षक अभियंता दलबीर सिंह दलाल व कार्यकारी अभियंता सूर्यकांत से मुलाकात की।

प्रतिनिधिमंडल में पार्टी जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश व सचिव मंडल सदस्य सुखदेव पालवास ने अधिकारियों को बताया कि पूरे शहर के बीच वाले हिस्से व अलग-अलग कालोनियों व मोहल्लों तथा गांव में पेयजल की गंभीर समस्या चल रही है। यहां तक कि कई मोहल्लों व कालोनियों में पानी के कम प्रेसर होने के कारण पानी की सप्लाई नहीं आती तथा कई जगह सीवरेज का गंदा पानी मिलकर आता है, जो पीने लायक भी नहीं होता। उन्होंने बताया कि बार-बार विभाग के पास शिकायत देने के बाद भी विभाग आवश्यक कार्यवाही नहीं करता है।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि 23 मई को नहरों में पानी आएगा। तब तक वे भंयकर पेयजल संकट का हल निकालना होगा।

महकमें के दोनों अधिकारियों ने बताया कि शहर के 15 टैंकों में कुल मिलाकर 173.90 फीट पानी रखने की क्षमता है तथा अब इन टैकों में 36.9 फीट पानी बचा हुआ है, जो कुल क्षमता का 21.21 प्रतिशत बचा है तथा 9 नए ट्यूबैल स्थापित किए है। पहले एक दिन छोड़कर एक दिन पानी आपूर्ति की जाती थी, अब 23 मई तक दो दिन छोड़कर एक दिन आपूर्ति की जाएगी तथा जिन मोहल्लों व गलियों में पानी नहीं चढ़ेगा, वहां सार्वजनिक तौर पर टैकरों से पानी भिजवाया जाएगा। पीछे से भाखड़ा बांध का पानी नहीं मिलने से यह समस्या आ रही है।


**भिवानी।** जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से मुलाकात करते माकपा प्रतिनिधि।

# पैंशनर्ज ने आठवें वेतन आयोग का लाभ नहीं देने को लेकर जताया रोष

- 20 मई को राष्ट्रव्यापी हडताल में लेंगे बढ़चढ़ कर भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

अक्षर भवन में रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक प्रधान विक्रम सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन सचिव राजकुमार श्योकंद ने किया। बैठक में राज्य कमेटी की ओर से छज्जू राम नैन व आजाद पांचाल ने विशेष रूप से भाग लिया। प्रधान विक्रम सिंह ने बताया कि आगामी 20 मई को देश की तमाम ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी हड़ताल होने जा रही है। जिसमें संयुक्त किसान मोर्चा, सर्व कर्मचारी संघ, छात्रों, नौजवानों, मजदूरों और महिलाओं सहित रिटायर्ड कर्मचारी संघ भी बढ़चढ़ कर भाग लेगा। 20 मई को हड़ताल का जिलास्तरीय कार्यक्रम लघु सचिवालय पर सुबह 10 बजे शुरू होगा। नैन ने बताया कि गत 25 मार्च 2025 को संसद में एक ऐसा वित्त विधेयक पारित किया गया है जो रिटायर्ड कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग के लाभों से वंचित करता है।

उस विधेयक के विरोध में लंबा आंदोलन चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि आगामी 15 जुलाई को पूरे देश में जिला स्तरीय धरने, प्रदर्शन किये जाएंगेए ताकि रिटायर्ड कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग के लाभ मिल सकें।

उन्होंने मांग की कि बढ़ती आयु के साथ पैंशन बढ़ोत्तरी करना, कम्यूटेशन की वसूली 15 साल की बजाय 10 बरस छह मास में पूरी करना, मेडिकल भत्ता तीन हजार रुपये मासिक करना, कैशलैस चिकित्सा सुविधा लागू करना, फैमिली पैंशनर्ज को एलएटीएसी सुविधा प्रदान करना व पुरानी पैंशन नीति बहाल की जाए। बैठक में होशियार सिंह, इंद्र सिंह, राजेंद्र सैनी, सतबीर सिंह, कलीराम, चतर सिंह, ईश्वर ठाकुर, जगदीश शर्मा, राजेंद्र शर्मा, महेंद्र बिश्नोई व मंगतराम शास्त्री शामिल हुए।



**जींद।** बैठक में भाग लेते हुए पैंशनर्ज। फोटो : हरिभूमि

# पार्ट टाइम कर्मियों ने मांगों को लेकर कुलपति कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

- भविष्य में वेतन का नियमित भुगतान सुनिश्चित करने की मांग रखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

किसान छात्र एकता संगठन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति निजी सहायक सुरेश कुमार को ज्ञापन सौंपा।

इसमें विश्वविद्यालय में कार्यरत सभी पार्ट टाइम कर्मचारियों को पिछले छह महीनों से वेतन नहीं मिलने की समस्या को प्रमुखता से उठाया गया। अध्यक्षता उप प्रधान अभिषेक जुलाना ने की। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि विश्वविद्यालय में कार्यरत सभी पार्ट टाइम कर्मचारी, जिनकी मेहनत से विश्वविद्यालय का दैनिक कार्य संचालन संभव हो पाता है, छह महीने से वेतन के लिए तरस रहे हैं। महासचिव गोविंद सैनी ने कहा कि यह केवल आर्थिक शोषण नहीं बल्कि श्रम और सम्मान दोनों का अपमान है। यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो छात्र संगठन कर्मचारियों के साथ मिल कर निर्णायक आंदोलन की दिशा में कदम उठाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रथम, साहिल नरवाल, दीप गतौली, लोकेश, रवि चहल सहित अन्य छात्र नेता भी उपस्थित रहे। प्रथम और साहिल नरवाल ने प्रशासन से मांग की कि सभी पार्ट टाइम कर्मचारियों का लंबित वेतन तत्काल जारी किया जाए। भविष्य में वेतन का नियमित भुगतान सुनिश्चित किया जाए। दीप गतौली ने स्पष्ट किया कि अगर इस बार भी प्रशासन ने लापरवाही बरती तो छात्रों और कर्मचारियों के संयुक्त संघर्ष की रूपरेखा तैयार की जाएगी।


**जींद।** सैलरी के लिए सौंपे गए ज्ञापन की प्रति दिखाते हुए। फोटो : हरिभूमि

# किरोड़ीमल शिक्षण कॉलेज में स्वास्थ्य जांच शिविर, 83 लोगों ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हांसी गेट स्थित सेठ किरोडीमल ट्रस्ट रायपुर द्वारा संचालित किरोडीमल शिक्षण महाविद्यालय में रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा वीरवार को एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एएमओ डा. उमेद भुक्कल, एएमओ डा. रेखा दहिया, एएचसी घनश्याम व एएचसी सुनील मेडिकल टीम के तौर पर पहुंचे।

शिविर का शुभारंभ किरोडीमल शिक्षण महाविद्यालय की कार्यकारिणी समिति एवं अधिवक्ता पवन कुमार जैन ने किया। इस मौके पर 83 विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों की जांच की गई। जिसमें शिक्षक, विद्यार्थीयों व नान-टीचिंग स्टाफ के सदस्यों का बीपी, शुगर एवं एचबी की जांच हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं कॉर्डिनेटर डा. राजीव कुमार ने कहा विद्यार्थी शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे, तभी वे मानसिक रूप से भी स्वस्थ रह सकते है। ऐसे में इस प्रकार के शिविर विद्यार्थियों को शारीरिक स्वास्थ्य के लिए सतर्क रहने के लिए प्रेरित करते हैं।


**भिवानी।** महा विद्यालय में आयोजित शिविर में जांच करते डाक्टर।

**शिविर** समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. मुनीष नागपाल ने सुनी शिकायतें

# अधिकारी नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र और समयबद्ध तरीके से करें समाधान: एडीसी

- दुर्गा कालोनी निवासी महिलाएं सेवानगर वार्ड 20 से संदीप प्रेमनगर से राजेन्द्र सिंह ने पेयजल की समस्या रखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

एडीसी डॉ. मुनीष नागपाल ने लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हाल में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए वे समाधान शिविर में आई नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र व समयबद्ध तरीके से समाधान करें। एडीसी डॉ. मुनीष नागपाल के समक्ष दुर्गा कालोनी निवासी महिलाएं, सेवानगर वार्ड नंबर 20 से संदीप, प्रेमनगर से राजेन्द्र सिंह ने पेयजल की समस्या बारे, प्रमिला, मनीष, राजेन्द्र सिंह, विनोद व निशा ने पीपीपी बारे, अलखपुरा निवासी शारदा जाखड़ ने बरसाती पानी निकासी पाइप खुलवाने बारे, धूपसिंह ने गली में अवैध कब्जा हटवाने बारे, सावित्री देवी ने अपनी पोती की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता बारे, स्थानीय निवासी रविन्द्र तंवर ने सड़क पर बने प्लास्टि ब्रेकर को ठीक करवाने बारे, गोविंदराम ने हैप्पी कार्ड बनवाने बारे, अजीतपुरा निवासियों ने ट्यूवैल के लिए बिजली कनैक्शन दिलवाने बारे, सोमबीर ने अविवाहित पेंशन बनावाने बारे, मंडोली कलां निवासी प्रेमकुमार ने गौचरान भूमि से अवैध कब्जा हटवाने बारे, सुई निवासी मुकेश ने पंचायती जमीन से अवैध कब्जा हटवाने बारे व बिरमा देवी ने बुढ़ापा पेशन दिलवाने बारे समस्या रखी। एडीसी ने सभी शिकायतों को बड़े ही गौर से सुना। एडीसी ने मौके पर निपटान होने वाली समस्याओं को निपटाया और शेष शिकायतों के लिए संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कि वे समाधान शिविर में प्राप्त हो रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यथाशीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें। इस दौरान डीडीपीओ आशीष मान, यातायात प्रबंधक भरत सिंह परमार, गैर सरकारी सदस्य राम किशन हालुवासिया व नंदराम धानिया सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।



**भिवानी।** समाधान शिविर में समस्या सुनते एडीसी। *फोटो : हरिभूमि*

## खबर संक्षेप

### खेत से सोलर पैनल बिजली मोटर चोरी

**जींद।** गांव दनौदा कलां खेतों से चोरो सोलर पैनल, केबल तथा बिजली मोटर को चोरी कर लिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव दनौदा कलां निवासी धर्मबीर ने बताया कि बीती रात चोरों ने उसके खेत से आठ सोलर पैनल कंडक्टर, बिजली मोटर, केबल चुरा ली।

### 7,15,229 लाख मीट्रिक टन गेहूं की आवक

**जींद।** जिले में रबी सीजन की गेहूं फसल की खरीद का कार्य विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा सुचारू रूप से जारी है और अनाज मंडियों में खरीदी गई फसल के त्वरित उठान के लिए प्रशासन पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है।

### पात्र परिवार उठाएं दयालु योजना का लाभः डीसी

**जींद।** जिला के सभी पात्र परिवार दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) का लाभ उठाएं। दयालु हरियाणा सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। यह योजना परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु या स्थायी विकलांगता की स्थिति में वित्तीय सहायता देती है। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने योजना का मकसद पात्र परिवारों को सुरक्षा देना है।

### ट्रेनिंग वर्कशॉप का आयोजन आज

**जींद।** स्टेट लेवल टास्क फोर्स स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, शहरी के वाइस चेयरमैन सुभाष चन्द्र की अध्यक्षता में 16 मई को स्थानीय डीआरडीए हॉल में सायं 3:30 बजे ट्रेनिंग वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। वाइस चेयरमैन नप के तृतीय तल स्थित कोफ्रेंस हाल में सायं 4:30 बजे स्वच्छता कार्यशाला में भाग लेंगे और स्वच्छता रखने के प्रति अधिकारियों को निर्देश देंगे।

### इतना आसान नही है संसार से मोक्ष

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण न्यास के संस्थापक रामनिवास अहिरका ने कहा कि यदि संसार से हमारी आत्मा के मोक्ष प्राप्त करना इतना होता तो वर्तमान सृष्टि का सृजन हुए लगभग पौने दो अरब वर्ष व्यतीत हो चुके हैं। संतों ने कहा कि परमात्मा की भक्ति से पिछले सात जन्मों से ब्रह्म ज्ञान प्राप्त है।

## पंचायत भवन में सिविल डिफेंस वालंटियर का दिया प्रशिक्षण

# आपदा में सिविल डिफेंस वॉलंटियर की होती है अहम भूमिकाः डीसी

### एनडीआरएफ अग्निशमन और जिला रेडक्रॉस ने डेमो के माध्यम से बताए सुरक्षा के बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

डीसी महावीर कौशिक ने कहा कि किसी भी प्रकार की आपदा के दौरान आमजन की जानमाल की सुरक्षा में सिविल डिफेंस वालंटियर की बहुत बड़ी भूमिका होती है। दो देशों की लड़ाई के दौरान यदि सीमाओं पर सेना हमारी रक्षा करती है तो देश के आंतरिक हिस्सों में प्रशासनिक अमले के साथ में सिविल डिफेंस वालंटियर हमारी मदद करते हैं।

ऐसे भी सिविल डिफेंस वालंटियर को जरूरत के समय उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों की जानकारी जरूर होनी चाहिए। डीसी वीरवार को पंचायत भवन में सिविल डिफेंस वालंटियर के लिए आयोजित प्रशिक्षण शिविर में वालंटियर को संबोधित कर रहे थे।



भिवानी। घेरलू गैस सिलेंडर में लगी आग पर काबू पाने का उपाय बताते। फोटोः हरिभूमि

इस दौरान एसडीएम महेश कुमार और नगराधीश अनिल कुमार भी मौजूद रहे।

डीसी ने वालंटियर को संबोधित करते हुए कहा कि आपदा प्राकृतिक या मानव निर्मित किसी भी प्रकार की हो सकती है। दोनों ही हालातों में हमें अपनी जान माल की सुरक्षा करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि युवाओं को आपदा के समय समाज सेवा के लिए तैयार रहना चाहिए। अपने आसपास यदि कोई असुरक्षित महसूस हो तो उसका जीवन बचाने में मदद करनी चाहिए।

#### एक समर्पित राष्ट्र सेवक की रहती है भूमिका

प्रशिक्षण के दौरान एसडीएम महेश कुमार ने बताया कि सिविल डिफेंस तैयार करने के लिए बाकायदा पार्लियामेंट द्वारा वर्ष 1968 में एक कानून पारित किया गया था, ताकि जरूरत के समय उनकी मदद ली जा सके। उनकी सेवाएं एक तरह से एक समर्पित राष्ट्र सेवक के रूप में होती हैं, जो कि निःशुल्क होती हैं। संजय कामरा और जिला प्रशिक्षण अधिकारी विकास कुमार ने प्राथमिक उपचार के बारे में डेमो कर सिविल डिफेंस वालंटियर को विस्तार से जानकारी दी। हमें प्राथमिक उपचार की जानकारी होना जरूरी है ताकि हम जरूरत के समय घायल व्यक्ति की जान बचा सके। स्वास्थ्य विभाग से फिजिशियन डॉक्टर यतिन गुप्ता और बेहोशी के डॉ. नवीन घोष ने आपदा के समय जरूरी स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी दी। एनडीआरएफ बठिंडा से अपनी टीम के निरीक्षक त्रिलोक ने बताया कि बाढ़, भूकंप, सुनामी, महामारी या दो देशों के बीच युद्ध के समय बने हालात आपदा कहलाते हैं। उस समय जानमाल की हानि होना स्वाभाविक है, ऐसे में उनकी रक्षा और सुरक्षा करना हमारे लिए चुनौती होती है। एनडीआरएफ की टीम में भी डेमो से रक्त रिसाव को रोकने, आगजनी और बाढ़ आदि की स्थिति में फंसे लोगों को बाहर निकालने, उनको सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने और उनको प्राथमिक उपचार, कपड़े से स्ट्रेचर तैयार करने, घायल को उस पर लेटाने का सही तरीके की विस्तार से जानकारी दी।

# क्रांतिवीर सुखदेव युवाओं की प्ररेणा

- शौर्य दिवस के रूप में मनाई सुखदेव की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। शहीद सुखदेव के चित्र पर माल्यार्पण करते। फोटोः हरिभूमि

भाजपाइयों ने क्रांतिकारी शहीद सुखदेव की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया व स्वतंत्रता संग्राम में उनके अतुलनीय योगदान का स्मरण किया। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पूर्व प्रदेश सह मीडिया प्रमुख रीतिक वधवा ने कहा कि मां भारती की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी सुखदेव के बलिदान को हमेशा याद किया जाएगा। अमर शहीद सुखदेव ने मातृभूमि की आजादी के लिए अल्पायु में ही जिस साहस, समर्पण व देशप्रेम का परिचय दिया वह विश्व के इतिहास में अद्वितीय है।

ब्रिटिश हुकूमत को उखाड़ फेंकने में भगत सिंह और राजगुरु के साथ दिया गया। उनको योगदान युवा पीढ़ी को सदैव राष्ट्र सेवा हेतु प्रेरित करता रहेगा। इस अवसर पर एडवोकेट संदीप यादव, धर्मेंद्र अरोड़ा, भूपेंद्र तिगड़ी ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# 50वें जन्मदिन पर किया पौधरोपण

- प्रधान संजय ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम



भिवानी। पौधारोपण करते एसडीएम व नायब तहसीलदार। फोटोः हरिभूमि

गुरुवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर समिति तोशाम के प्रधान संजय नाफरिया ने अपना 50वां जन्मदिन तहसील परिसर तोशाम में पौधा लगाकर मनाया। इस मौके पर लोहारू के एसडीएम मनोज दलाल तथा तोशाम के नायब तहसीलदार संजय शर्मा ने पहुंचकर पौधारोपण किया। इस दौरान अधिकारियों ने कहा कि हम सबको अपने जीवन मे पेड़-पौधे लगाते रहना चाहिए ताकी पर्यावरण शुद्ध रहे। हमारा पर्यावरण यदि स्वच्छ रहेगी तो हमारा शरीर भी स्वस्थ रहेगा। हमारे जीवन में कोई भी अवसर आए उसे पर हमें कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। इस अवसर पर प्रेम टाइपिस्ट, रामेशर नम्बरदार, राजेंद्र जाखड़, राजेश पटवारी, प्रभुराम एडवोकेट, जितेंद्र चहल एडवोकेट, दलीप रेडू एडवोकेट, कर्ण सिंह नम्बरदार, ईशवर पंच, रवि शर्मा एडवोकेट, रणसिंह एडवोकेट, विनोद भुक्कल एडवोकेट, सतीश, सुरेंद्र भारीवास, बबलू, जयभगवान, धर्मपाल, आजाद शर्मा, विकास एडवोकेट, साहिल एडवोकेट, नरेंद्र, संदीप मोहल, दीपक मौजूद रहे।

# शिविर में 55 ने किया रक्तदान

- शिव धर्मार्थ ट्रस्ट ने पतराम गेट पर पास लगाया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

कैंसर की बीमारी से जूझ रहे मरीजों की सहायता के लिए श्री शिव धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा वीरवार को शहर के पतराम गेट के समीप रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एआईआईएमएस बाढ़सा की ब्लड बैंक की टीम रक्त एकत्रित किया। शिविर में बतौर मुख्यअतिथि शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने शिरकत की। प्रधान दीपक गोयल ने अध्यक्षता की।

जिसमें 55 ने रक्तदान किया, जिन्हें अतिथियों द्वारा बैज लगाकर व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कोषाध्यक्ष शिवकुमार जांगड़ा, सदस्य नितिन जांगड़ा, योगेश जांगड़ा, संजय गौतम, प्रवीण वर्मा, रोहित डुडेजा, सुशील गुप्ता आदि मौजूद रहे। इस मौके पर श्री शिव धर्मार्थ ट्रस्ट के प्रधान दीपक गोयल ने कहा कि इस रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य कैंसर रोगियों को समय पर रक्त और प्लेटलेट्स उपलब्ध कराना था, जो इलाज के दौरान जीवन रक्षक साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि कैंसर कीमोथेरेपी और अन्य उपचारों के दौरान मरीजों को बार-बार रक्त की आवश्यकता होती है।



भिवानी। रक्तादाओं को प्रमाण पत्र देते राजकुमार डुडेजा। फोटोः हरिभूमि

# एसईडी वमावि का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

- 10वीं में कंचन ने 97 .6, गार्गी ने 95 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्रार्याय व स्टाफ सदस्य।

सीबीएसई परीक्षा परिणाम में ढाणी शंकर स्थित एसईडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम रहा। विद्यालय के चैयरमैन जसवंत सहारण प्रबंधक समिति के सदस्य, निदेशक बिरेंद्र सिंह व प्राचार्य जेपी सिंह ने 12वीं व 10वीं कक्षा के शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम पर मेधावी छात्रों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय के 12वीं में शिर्ष स्थान विद्यार्थियों ने विज्ञान संकाय में आनंद ने 93.6 प्रतिशत, मनीष 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। कलां संकाय में अंशिका ने 93.6 प्रतिशत और वाणिज्य संकाय में महक ने 92.27 प्रतिशत अंक प्राप्त किए और रेखा ने 90.8 अंक प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। विद्यालय के 10वीं कक्षा के शीर्ष स्थान विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया, जिनमें कंचन ने 97.6 प्रतिशत, गार्गी चौहान ने 95.40 प्रतिशत, महक ने 94.40 प्रतिशत, साक्षी ने 94.20 प्रतिशत, विशु शर्मा ने 94.20 प्रतिशत, भारत दयाल ने 93.20 प्रतिशत, खुशी ने 92.20 प्रतिशत, योगिता ने 91.80 प्रतिशत, अंश ने 91 प्रतिशत, रक्षित ने 90.60 प्रतिशत, रितेश ने 90.20 प्रतिशत, योगेश ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। 12वीं कक्षा में अधिक से अधिक छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन ने विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों हार्दिक बधाई दी।

## बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की ली शपथ

**जींद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरकरामजी के तहत गांव जाजवान में ब्लॉक एजुकेटर महेंद्र सिंह व महिला स्वास्थ्य सुपरवाइजर ईशवंती देवी की अध्यक्षता में सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर जागरूक किया गया और पीएनडीटी एक्ट की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या एक जघन्य अपराध है,ऐसा कभी नही करना चाहिए। यदि बेटियां ही नही होंगी तो बहुएं कहां से आएंगी। एक बेटी दो घरों की शान होती है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बेटियों की सुरक्षा, उच्च शिक्षा, भ्रूण हत्या को रोकना और लिंग अनुपात संतुलित करना है। हमें अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा देकर आगे बढने का मौका देना चाहिए ताकि वह आत्मनिर्भर बन कर प्रतिष्ठित जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अव्वल हैं। बेटी मां बन कर सृष्टि की रचना करने जैसा पवित्र काम करती है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

# परचिंतन पतन की जड़, स्वचिंतन उन्नति की सीढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

परचिंतन पतन की जड़ है स्वचिंतन उन्नति की सीढ़ी है। अगर हम व्यर्थ व परचिंतन को छोड़ स्वचिंतन व परमात्म चिंतन में अपना समय लगाएं तो हमारे आपसी संबंध मजबूत होंगे। राजयोग मेडिटेशन के बल से घर, परिवार व समाज को मानवीय मूल्यों में बांध हम एक स्वस्थ व सुखी परिवार व समाज बना सकते हैं। यह बात प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा-झोझू कलां शाखा में विश्व परिवार दिवस पर वैश्विक एकता एवं विश्वास के लिए राजयोग विषय पर झोझू कलां व गोपालवास में सेवा केंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने व्यक्त किए। मन को ज्ञान और शांति के साथ सकारात्मक विचारों से संपन्न बनाना होगा तभी परिवार को सुख, शांति व आनंदमय बना सकते हैं। इसके लिए अपनी दिनचर्या में अध्यात्मिक व मानवीय मूल्यों को शामिल करें। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता के द्वारा ही हम परिवार को एकजुट में बांध सकते हैं, आध्यात्मिक मूल्यों से ही परिवार व समाज को सुदृढ़ बनाया जा सकता है। ज्योति बहन ने महिलाओं को संबोधित किया।



भिवानी। महिलाओं को मानवीय मूल्यों की जानकारी देते वसुधा बहन।

#### कार्य को बोझ न समझें

ज्योति बहन ने कहा कि हम अपने घर का कार्य बोझ समझ कर न करें जिम्मेवारी से और खुशी से करें तो हमारा घर गृहस्थ में रहते हुए जीवन सुखी बन जाएगा। अगर हम अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देना चाहते हैं तो हमें अपनी दैनिक दिनचर्या बोलचाल व्यवहार पर विशेष ध्यान देना होगा, कभी भी अपशब्दों का प्रयोग ना करें एक दूसरे को सम्मान देते हुए चलें तो हमारे बच्चे भी वही गुण धारण करेंगे।

## भगवंत मान की गैरजिम्मेदार सरकार ने लोकतांत्रिक सिस्टम को खराब कियाः श्रुति

- 8 से 10 दिन में नहरों में मिलेगा पानी, ऑपरेशन सिंदूर का सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व व सेना के पराक्रम का परिणाम है। सेना की जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान सहम गया और दूसरे देशों से मदद की गुहार लगाता रहा। वीरवार को भिवानी निवास पर कार्यकर्ताओं की समस्या सुन रही थी। मोदी के मजबूत नेतृत्व में सेना ने पाक में घुसकर आतंकियों को खत्म किया। श्रुति चौधरी ने कहा कि हरियाणा का पानी रोककर पंजाब में आम आदमी पार्टी की भगवंत मान की गैरजिम्मेदार सरकार ने पानी बंटवारे के नियम को तोड़कर लोकतांत्रिक सिस्टम बिगाड़ा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार कार्यवाही कर रही है। 8-10 दिनों बाद हरियाणा को उसके हक का पानी मिलना शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष की बड़ी भूमिका होती है, लेकिन कांग्रेस अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा पा रही।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली तिरंगा यात्रा

# सेना के पराक्रम से घुटनों पर आया पाक

- सांसद धर्मबीर सिंह ने किया यात्रा का नेतृत्व, विधायक सुनील सांगवान व उमेश पातुवास भी रहे उपस्थित, सांसद व विधायकों ने पराक्रम के लिए भारतीय सेना को किया शेल्यूट।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



दादरी। आयोजित तिरंगा यात्रा में हिस्सा लेते सांसद धर्मबीर सिंह व अन्य। फोटोः हरिभूमि

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल और सशक्त नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान व आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दिया है। दुनियाभर के सभी देशों ने भारतीय सेना के पराक्रम का लोहा माना है। ऐसे में भारतीय सेना का जितना सम्मान और प्रशंसा की जाए उतनी कम है। भारतीय सेना के सम्मान में देशभर में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रहीं हैं, जिनका मकसद सेना के शौर्य और पराक्रम की गाथा को जन-जन तक पहुंचाना है। सांसद चौ. धर्मबीर सिंह ने वीरवार को दादरी ने तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर दादरी विधायक सुनील सांगवान व बाढड़ा विधायक उमेद पातुवास सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि आज भारत सहित दुनिया के लगभग सभी देश चाहते हैं कि विश्व से आतंकवाद का खात्मा होना चाहिए। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी घटना के बाद पूरा देश चिंतित था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सूझबूझ से तीनों सेनाओं के प्रमुखों को आतंकवाद का करारा जवाब देने के लिए खुली छूट दी। परिणाम स्वरूप हमारी सेना ने सिंदूर ऑपरेशन के माध्यम से पाकिस्तान के अंदर जाकर 9 आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया, ये आतंकवादियों के ट्रेनिंग सेंटर थे।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर भाजपा नेता ठाकुर विक्रम सिंह, मीना परमार,पूर्व विधायक सीताराम यादव, पूर्व विधायक शशि परमार, जिला अध्यक्ष सुनील कुमार, भिवानी जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक, पूर्व जिला अध्यक्ष शंकर धूपड़, पूर्व अध्यक्ष रामकिशन शर्मा सहित अनेक गणमान्य नेताओं ने भी तिरंगा यात्रा में शामिल होकर देश की सेना के पराक्रम को सलाम दिया।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

डॉ. आर. पी. शर्मा
अस्पताल
सिविल अस्पताल से रिटायर्ड सीनियर सर्जन
सभी आप्रेशन एवं नार्मल डिलीवरी सबसे सस्ते रेट में किए जाते हैं।
सभी आप्रेशन बिना टाँके के भी किए जाते हैं।
कॉपर-टी की सुविधा उपलब्ध है।
गर्भवती महिलाओं के लिए OPD फीस फ्री
पता : मिनी बाईपास रोड़, CR Resort के सामने, भिवानी
सम्पर्क सूत्र : 9416296903, 8168362612